डाक पंजीयन क्रं. मालवा डिविजन/404/2025-27 RNIMPHI/2022/86763

हिन्दी दैनिक

# संघर्ष से सिद्धि

खबरों के साथ, हर नजरिये की बात

Sangharshsesiddhi@gmail.com | उज्जैन सोमवार 30 मार्च 2026 | वर्ष-04 अंक-233 | पृष्ठ-08, मूल्य-01 रुपये

''स्वदेशी अपनाओ, राष्ट्र को शक्तिशाली बनाओ''

# केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर के संसदीय क्षेत्र धार जिले में पोषण आहार घोटाला

## तबेले में मिला बच्चों का निवाला, आंगनवाड़ी की कालाबाजारी उजागर, पुलिस और विभाग ने किया जब्त

**संघर्ष से सिद्धि की खास खबर**

धार। जिला मुख्यालय से आंगनवाड़ी सेंटर के लिए निर्धारित पोषण आहार की कालाबाज़ारी का बड़ा मामला सामने आया है। जिला मुख्यालय के समीप ज्ञानपुरा क्षेत्र में महिला एवं बाल विकास विभाग और तिरला थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक पशु तबेले से भारी मात्रा में पोषण सामग्री जब्त की गई है। यह मामला बच्चों के पोषण से जुड़ा होने के कारण बेहद संवेदनशील माना जा रहा है।

**गुप्त सूचना के आधार पर हुई कार्रवाई**

जानकारी के अनुसार, तिरला परियोजना अधिकारी सत्यनारायण मकवाना को सूचना मिली थी कि देलमी स्थित प्लांट से सप्लाई होने वाला पोषण आहार ज्ञानपुरा क्षेत्र के एक गोदाम में अवैध रूप से संग्रहित है। इसके बाद विभागीय टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

**पशुओं के तबेले में मिला आंगनवाड़ी का पोषण आहार**

जांच के दौरान धीरज शर्मा के गोदाम की तलाशी ली गई, जिसे पशुओं के तबेले



सत्यनारायण मकवाना परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास विभाग

के रूप में उपयोग किया जा रहा था। यहां से हलवा प्रीमिक्स के 24 बड़े बैग और 29 छोटे पैकेट बरामद किए गए। अधिकारियों ने पुष्टि की कि यह वही पोषण आहार है, जिसे आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों को वितरित किया जाना था।

**सामग्री जब्त, पुलिस ने दर्ज किया मामला**

अधिकारी ने कार्रवाई के दौरान पूरी पोषण सामग्री को जब्त कर तिरला थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

**कई जिलों में होती है इस आहार की सप्लाई**

अधिकारियों के अनुसार, देलमी प्लांट से यह पोषण आहार धार जिले के साथ-साथ लगभग आठ अन्य जिलों के आंगनवाड़ी केंद्रों में भेजा जाता है। ऐसे में इस सामग्री का गोदाम तक पहुंचना कई गंभीर सवाल खड़े करता है।

**जांच के घेरे में सप्लाई चेन**

खास बात यह है कि धार जिले से केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर सांसद हैं और महिला एवं बाल विकास विभाग उन्हीं के अंतर्गत आता है। ऐसे में मामले को और गंभीरता से देखा जा रहा है। फिलहाल जांच का विषय यह है कि पोषण आहार को किस उद्देश्य से यहां रखा गया था, इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं और इसका इस्तेमाल किस तरह किया जाना था।

**दोषियों पर सख्त कार्रवाई के संकेत**

महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई



की जाएगी। प्रशासन की ओर से इस पूरे मामले पर विशेष नजर रखी जा रही है, ताकि बच्चों के पोषण से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

# पीएम मोदी की मन की बात 132वें एपिसोड में बोले प्रधानमंत्री-वैश्विक तनाव के बीच भारत शांति का पक्षधर

**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 132वें एपिसोड के जरिए राष्ट्र को संबोधित किया। इस बार प्रधानमंत्री का संबोधन ऐसे समय में हुआ है जब मध्य पूर्व में युद्ध की स्थिति बनी हुई है और वैश्विक तनाव चरम पर है।**

पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत में ही दुनिया के मौजूदा हालात पर चिंता जताते हुए कहा कि हमारे पड़ोस में भीषण युद्ध चल रहा है। उन्होंने शांति और कूटनीति पर जोर देते हुए भारत के उस संकल्प को दोहराया जिसमें युद्ध के बजाय संवाद को प्राथमिकता दी जाती है।

वैश्विक युद्ध और भारत की शांति की अपीलप्रधानमंत्री ने ईरान-इजरायल और रूस-यूक्रेन जैसे संघर्षों की ओर इशारा करते हुए कहा कि आज दुनिया के कई हिस्सों में अस्थिरता का माहौल है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से वसुधैव कुटुंबकम की भावना में विश्वास रखता है और हमारा प्रयास है कि बातचीत के माध्यम से समस्याओं का समाधान निकले। पीएम मोदी ने बताया कि वैश्विक संकट के इस दौर में भी भारत अपनी अर्थव्यवस्था और विकास की गति को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने देशवासियों से अपील की कि वे आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और मजबूत करें ताकि किसी भी अंतरराष्ट्रीय संकट का असर हमारे देश पर कम से कम पड़े। जेवर एयरपोर्ट और इंफ्रास्ट्रक्चर की नई उड़ानसंबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने हाल ही में उद्घाटन किए गए नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का भी जिक्र किया। उन्होंने इसे भारत के आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का गौरव बताया और कहा कि




ऐसे प्रोजेक्ट्स देश की प्रगति की नई कहानी लिख रहे हैं।पीएम मोदी ने बताया कि कैसे जेवर एयरपोर्ट के माध्यम से न केवल कनेक्टिविटी बढ़ेगी, बल्कि यह युवाओं के लिए रोजगार के लाखों नए अवसर भी पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब एक्सप्रेसवे और एयरपोर्ट वाले राज्य के रूप में दुनिया के नक्शे पर उभर रहा है।

**त्योहारों की शुभकामनाएं और सामाजिक सरोकार**

चूंकि आज रविवार है और राम नवमी एवं अन्य त्योहारों का समय करीब है, प्रधानमंत्री ने देशवासियों को पर्वों की ढेरों शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मन की बात में जल संरक्षण, स्वच्छता अभियान और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की अपनी मुहिम को जारी रखा। पीएम ने कुछ ऐसे स्थानीय नायकों की कहानियां भी साझा कीं, जो अपने छोटे-छोटे प्रयासों से समाज में बड़ा बदलाव ला रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपनी ऊर्जा का उपयोग देश के नवनिर्माण और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में करें।

**लोकतंत्र की शक्ति और मतदान का महत्व**

प्रधानमंत्री ने आगामी चुनावों और मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य का भी उल्लेख किया।

उन्होंने नए मतदाताओं, विशेषकर युवाओं से आग्रह किया कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें और सुनिश्चित करें कि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती नागरिकों की जागरूकता में ही निहित है। 132वें एपिसोड के अंत में प्रधानमंत्री ने देशवासियों को सुरक्षित रहने और देश के विकास में अपना योगदान देते रहने का आह्वान किया।

# थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने 2 किलो अवैध मादक पदार्थ अफीम जब्त की

**शाहिद अजमेरी**

**मंदसौर।** पुलिस अधीक्षक के उपरोक्त निर्देश के पालन मे थाना कोतवाली पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस. सिंह बघेल व नगर पुलिस अधीक्षक मंदसौर जितेन्द्र सिंह भास्कर के निर्देशन में तथा थाना प्रभारी कोतवाली पुष्पेंद्र सिह राठौर के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुये 02 किलो अवैध मादक पदार्थ अफीम किमती 03 लाख रुपये की जप्त कर 02 आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की व घटना मे प्रयुक्त चार पहिया वाहन व मोबाईल आदि को भी जप्त किया है।




घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 28 व 29 मार्च 2026 की रात्रि को थाना कोतवाली को मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की 02 व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ अफीम की तस्करी करने वाले है। उक्त सूचना पर वैधानिक कार्यवाही करते हुये थाना कोतवाली पुलिस ने आरोपियों जय पिता अशोक सोलंकी उम्र 25 साल निवासी ग्राम डीगांव माली मंदसौर व पंकज पिता राजु मालवीय उम्र 23 साल निवासी माल्याखेर खेडा जिला मंदसौर को वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुये धर दबोचा। दोनो आरोपियो के कब्जे से 02 किलो अफीम जिसकी कुल कीमत 03 लाख रुपये है। दोनो के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त किये जाने वाली स्विफ्ट कार क्रमांक आरजे 27 सीएफ 4921 को भी जप्त किया गया है। कुल मश्रुका 11,35,500 रुपये का जप्त किया जाकर अपराध क्रमांक 220/2026 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध किया जाकर अनुसंधान मे लिया गया है। प्रकरण की प्रारंभिक पूछताछ मे जो तथ्य सामने आये है उनके अनुसंधान के क्रम में पुलिस द्वारा दोनो आरोपियो का पुलिस रिमांड प्राप्त किया जावेगा एवं अवैध मादक पदार्थ अफीम कहां से लाई जाकर कहां दी जाना थी इसके बारे में पता लगाया जावेगा।

# जनगणना 2027 के अंतर्गत नगरपालिका खरगोन का एक नया कारनामा

**आकाश गुप्ता**

**खरगोन।** वर्तमान में जनगणना 2027 का कार्य नगर पालिका खरगोन के द्वारा जोर शोर के साथ किया जा रहा है, जनगणना के लिए नगर पालिका के लगभग सभी कर्मचारी शहर खरगोन के सभी वार्ड के प्रत्येक मकान तक पहुंचकर मकान क्रमांक एवं वार्ड क्रमांक डाल रहे हैं जिसमें बड़े छोटे सभी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बताने में यह हंसी का विषय भी लगता है की वार्ड क्रमांक 7 की पार्षद गंगाबाई राठौड़ के वार्ड में जनगणना करने आए हुए कर्मचारियों के द्वारा दो अलग-अलग मकान पर एक ही क्रमांक डाल दिया गया है, इसे लापरवाही नहीं तो क्या कहे।

हमारे द्वारा मकान मालिक प्रदीप वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मेरे मकान और मेरे पास वाले मकान पर वार्ड क्रमांक 7 तो सही डाला है लेकिन मकान क्रमांक में दोनों ही मकान पर एक ही नंबर डाल दिया गया है जो की बहुत बड़ी लापरवाही दर्शा रहा है, वर्मा का कहना है कि यह छोटी सी लापरवाही नहीं,नगर पालिका राजस्व रिकॉर्ड में अगर मेरे और पड़ोस के




दोनों का क्रमांक एक ही रहेगा तो ऑनलाइन होने वाली सारी प्रक्रिया से हम दोनों में कौन वंचित रहेगा या राजस्व रिकॉर्ड में कौन से मकान का ब्यौरा दर्शाया हुआ रहेगा यह सभी समस्याओं को देखा जाए तो यह गंभीर विषय सामने आ रहा है। कर्मचारियों के द्वारा यह छोटी सी गलती भविष्य की बड़ी गलती ना बन जाए इसलिए अपना कर्तव्य जिम्मेदारी से और सजग रहकर कर्मचारी करें तो आम जनता को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी। अब देखना यह होगा कि नगर पालिका कर्मचारी इन दोनों मकानों में किस प्रकार से सुधार करते हैं क्योंकि आगामी मकानो में क्रमांक प्रत्येक बढ़ते क्रम से डाल दिए गए है ।

# भारतीय पत्रकार संघ (AIJ) बनेगा पत्रकारों की सशक्त आवाज, दिल्ली से लेकर राज्यों तक संगठन विस्तार की मजबूत पहल

**नई दिल्ली। भारतीय पत्रकार संघ (AIJ) की दिल्ली प्रदेश मासिक बैठक हकीकत आप तक न्यूज कार्यालय, दाल मिल रोड, उत्तम नगर में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अवध नारायण की अध्यक्षता में अत्यंत गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुई। यह बैठक न केवल संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण रही, बल्कि पत्रकार एकता, सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक निर्णायक पहल के रूप में उभरी।**

बैठक में दिल्ली प्रदेश में भारतीय पत्रकार संघ (AIJ) की एक सशक्त एवं संगठित टीम के गठन पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत सभी सदस्यों के आपसी परिचय से हुई, जिससे संगठन में व्यक्तिगत जुड़ाव एवं विश्वास की भावना को मजबूती मिली।

इसके पश्चात पत्रकार एकता, संगठन निर्माण, पत्रकार सुरक्षा एवं प्रदेश कार्यकारिणी गठन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर एवं सकारात्मक विमर्श हुआ।

बैठक का संचालन दिल्ली प्रदेश महासचिव एवं न्यायिक नायक न्यूज के संपादक आर. के. राठौर द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया। उन्होंने संगठन की कार्ययोजना, विस्तार रणनीति एवं पत्रकार हितों के संरक्षण को लेकर स्पष्ट दिशा प्रस्तुत की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार रमेश चंद्र द्विवेदी, सरदार चरणजीत सिंह (सम्पादक, दैनिक रुस्तम ए हिन्द), मुकेश भोगल (सम्पादक, दैनिक समाचार निर्देश), दीपक खोसला (सम्पादक, नई सोच), सत्य प्रकाश सक्सेना, महेंद्र सिंह नागी (सम्पादक, हकीकत आप तक), रजनीश कुमार (सम्पादक, सनसनी आज तक), योगराज शर्मा (सम्पादक, आज की दिल्ली), पंकज भट्टी, विजय पूनिया, रणवीर सिंह शौकीन, प्रीति यादव, पंकज बत्रा, मनोज कुमार सहित अनेक पत्रकारों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई।

बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। दिल्ली जैसे राष्ट्रीय केंद्र में संगठन के सशक्त होने से न केवल स्थानीय मुद्दों पर प्रभावी हस्तक्षेप संभव होगा, बल्कि पत्रकारों पर होने वाले अत्याचारों के विरुद्ध एकजुट और मजबूत आवाज भी बुलंद की जा सकेगी।

एआईजे प्रदेश अध्यक्ष अवध नारायण नंद ने बताया कि पत्रकार जगत के कल्याण और सम्मान हेतु देशभर में 600 से अधिक जिलों में भारतीय पत्रकार संघ (AIJ) की सक्रियता और विस्तार राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन के सबल नेतृत्व में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

बैठक में दिल्ली प्रदेश में संगठनात्मक मजबूती, सभी 11 जिलो में कार्यकारिणी की नियमित बैठक एवं दिल्ली प्रदेश में कार्यरत सभी पत्रकार साथियों के हितों के संरक्षण को लेकर ठोस निर्णय लिए गए।

उल्लेखनीय है कि भारतीय पत्रकार संघ (AIJ) वर्तमान में 22 राज्यों में सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराते हुए निरंतर विस्तार की दिशा में अग्रसर है।

संगठन पत्रकारों के अधिकारों, सुरक्षा, निष्पक्ष पत्रकारिता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए समर्पित भाव से कार्य कर




रहा है।

यह बैठक इस तथ्य को पुनः स्थापित करती है कि भारतीय पत्रकार संघ (AIJ) आने वाले समय में पत्रकारों की आवाज को और अधिक प्रभावी, संगठित एवं सशक्त बनाते हुए लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूती प्रदान करने में अपनी निर्णायक भूमिका निभाएगा।

# पिपलौदा में रायरा माता मंदिर प्रांगण में हुआ रावण दहन

**गौरव टांकवाल पिपलौदा**

**नगर परिषद पिपलौदा द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दशहरे के अवसर पर नगर के रायरा माता मंदिर परिसर में एक दिवसीय मेले का आयोजन किया गया जहां रात्रि 08.30 बजे आरती कर प्रसादी का वितरण कर नगर परिषद अध्यक्ष उपमा पटेल एवं मेला समिति अध्यक्ष प्रहलाद जाट द्वारा रावण दहन किया गया।**

साथ ही इस अवसर पर अध्यक्ष उपमा श्याम बिहारी पटेल ने नागरिकों को दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रायरा माता जी मंदिर पर पंचायत समय से यहां मेले का आयोजन किया जा रहा है उसी परंपरागत को निर्वहन करते हुए नगर परिषद द्वारा प्रतिवर्ष लगने वाले इस मेले में रावण दहन, आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

साथ ही श्रीमती उपमा पटेल ने नगर के सभी नागरिकों से अपील कर कहा की नगर परिषद द्वारा आगमी 02 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर चांदाखेड़ी धाम पर भी मेले का आयोजन किया जायेगा जहां हवन, चूल, महाआरती के साथ महाप्रसादी वितरण किया जाएगा आप सभी अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मेले का आनंद लें। इस अवसर पर कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम बिहारी पटेल, पार्षद प्रेमलता चौहान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनवर गोरी,पार्षद प्रतिनिधि संजय गोसर, अश्विन गौड़ सहित नागरिकगण कर्मचारीगण उपस्थित थे।







# रोटरी क्लब वाराणसी डाउनटाउन एवं नारायण कोठी ग्रुप गुरुधाम के संयुक्त तत्वावधान में बृहद रक्तदान शिविर का आयोजन

**(रविन्द्र गुप्ता)**

**वाराणसी।** वाराणसी के गुरुधाम स्थित होटल नारायण कोठी में रविवार को एक भव्य रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर रोटरी क्लब वाराणसी डाउनटाउन एवं होटल नारायण कोठी ग्रुप गुरुधाम, वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जो रोटरी ब्लड डोनेशन बस के माध्यम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आदरणीय दक्षिणी विधानसभा के विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. नीलकंठ तिवारी जी की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर गुरुधाम कॉलोनी के गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान कर मानवता की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन प्रदान कर सकता है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में होटल नारायण कोठी की टीम से अनुराधा जालान जी, संजीव खेमका जी, प्रीति खेमका जी, उपदेश त्रिपाठी जी, सिदेश जिंदल जी एवं प्रीतिका जिंदल जी का विशेष योगदान रहा। वहीं रोटरी क्लब वाराणसी डाउनटाउन की ओर से प्रेसिडेंट सिद्धार्थ जायसवाल जी, नेहा कक्कड़ जी, आकाश कानोड़िया जी, तनीषा कानोड़िया जी, अनुज भार्गव जी, अमित गुजराती जी एवं विनय सेठिया जी का सहयोग सराहनीय रहा।



अंत में आयोजकों द्वारा सभी रक्तदाताओं, अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

# मोइन शेख ने मध्य प्रदेश टेनिस क्रिकेट लीग में किया कमाल, नगर में भव्य स्वागत

**(साजिद राजधानी)**

पलसूद के युवा खिलाड़ी मोइन शेख ने मध्य प्रदेश टेनिस क्रिकेट लीग में शानदार प्रदर्शन कर जिले व नगर का नाम रोशन किया। नीलामी में राजवंश 11 टीम ने उन्हें शामिल किया था। प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में मोइन ने अंतिम ओवर में 5 गेंदों पर 4 छक्के लगाकर 24 रन बनाते हुए सभी का ध्यान खींचा। फाइनल मुकाबले में राजवंश 11 ने आहिल अवेंजर्स को हराकर खिताब अपने नाम किया। बेहतर प्रदर्शन के बाद पलसूद लौटने पर मोइन शेख का नगर में ढोल-ताशों, पुष्प वर्षा और आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया। राजपुर



रोड से निवाली रोड तक नगरवासियों ने जुलूस निकालकर खुशी जताई। इस दौरान खेल प्रेमियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और खिलाड़ियों ने मोइन को शुभकामनाएं दीं।

# चमन वर्मा को युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, उमेश मरकाम को महामंत्री की जिम्मेदारी

**हेमन्त वर्मा**

**साल्हेवारा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देश एवं भाजपा जिलाध्यक्ष विश्वेसर साहू तथा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आयश सिंह बोनी भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुहन साहू, भाजपा मंडल महामंत्री महेंद्र यादव की अनुशंसा पर साल्हेवारा मंडल युवा मोर्चा के अध्यक्ष चमन वर्मा ने अपनी नई कार्यकारिणी का विस्तार किया है। नई कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर युवाओं को जिम्मेदारी दी गई है। जिसमें उपाध्यक्ष पद पर राजेश पटेल, ओमप्रकाश वर्मा, दीपू मानिकपुरी और मुकेश साहू को शामिल किया गया है। वहीं महामंत्री पद पर उमेश मरकाम एवं करण पटेल को जिम्मेदारी दी गई है। मंत्री पद पर नोहर सोनवानी, तेजूराम मार्ते, अभिषेक श्रीवास्तव एवं धर्मेश सिन्हा को शामिल किया गया है। कोषाध्यक्ष के रूप में सुरेश





यादव को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा सोशल मीडिया प्रभारी पवन मरावी एवं मीडिया प्रभारी खेम साहू को बनाया गया है। नई कार्यकारिणी के गठन के बाद संगठन में उत्साह का माहौल है और युवा कार्यकर्ता पार्टी की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। इस विस्तार का उद्देश्य संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना, भाजपा की विचारधारा को युवाओं तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना तथा कार्यकर्ताओं में ऊर्जा और समर्पण को बढ़ावा देना बताया गया है।

# किसान नेता उपेंद्र सिंह यादव सांसद प्रतिनिधि नियुक्त

**आलोट।** विधानसभा क्षेत्र की जन समस्या के निराकरण के लिए तथा जनकल्याण एवं विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए उज्जैन आलोट लोकसभा के सांसद अनिल फिरोजिया ने आलोट के किसान नेता पूर्व मण्डी अध्यक्ष उपेंद्र सिंह यादव का अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया यादव लंबे समय से भाजपा के विभिन्न मोर्चों एवं संगठन के दायित्वों का निर्वहन कर चुके हे वे भाजपा के जिला उपाध्यक्ष के साथ जिले की कई विधानसभाओं के प्रभारी भी रहे है तथा आलोट की प्रमुख धार्मिक संस्था शंकर सवारी समिति के लगातार अध्यक्ष के दायित्व का सफल निर्वहन करते आए हे यादव का सरल एवं सहज व्यक्तिव एवं



कार्यकर्ताओं की भावनाओं के अनुरूप कार्य करने की क्षमता को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी मिली है उनकी नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर करते हुए यादव को बधाई प्रेषित कर सांसद का आभार प्रकट किया है।

# जावद में श्रीमती कमलाबाई राठी को स्वर्ण सीढ़ी आरोहन पर भाजपा नेता नारायण सोमानी ने किया सम्मान

**जावद।** नगर में माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ स्वर्गीय श्री बंशीलाल जी राठी के पुत्र भारत विकास परिषद संस्थापक अध्यक्ष दिलीप राठी के सुपौत्र एवं अंकित राठी, वर्षा राठी के पुत्र रूद्रराज राठी व अर्पित राठी, सलोनी राठी के पुत्र पर्व राठी के जन्मोत्सव साथ ही राजेंद्र कुमार गायत्री राठी, दिलीप कुमार वंदना राठी, दिनेश सरिता राठी की माताजी श्रीमती कमलाबाई राठी (धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री बंशीलालजी राठी) के स्वर्ण सीढ़ी आरोहन का भव्य आयोजन नीमच रोड स्थित अग्रसेन मांगलिक भवन में सम्पन्न हुआ।

स्वर्ण सीढ़ी आरोहन में? नगर में एक फोन पर जनसमस्या हल करने वाले भाजपा नेता नारायण सोमानी ने माहेश्वरी समाज की वरिष्ठ सदस्या श्रीमती कमलाबाई राठी, भारत विकास परिषद संस्थापक अध्यक्ष दिलीप राठी सहित परिवारजनों को सनातनी प्रतीक चिन्ह केसरिया दुपट्टा ओढाकर स्वागत सम्मान करके नागरिक अभिनंदन किया। आयोजन सहभोज के साथ एतिहासिक तौर पर सम्पन्न हुआ। भव्य आयोजन के दौरान जिला प्रेस क्लब तहसील अध्यक्ष एवं भाजपा नेता नारायण सोमानी, जिला प्रेस क्लब जिला कोषाध्यक्ष श्याम सारडा, विजय बंटी सोमानी, शिवनारायण सोमानी, संदीप न्याती, राठी परिवार के वरिष्ठ राजेंद्र कुमार गायत्री राठी, दिलीप कुमार वंदना राठी, दिनेश सरिता राठी, आशीष अंजली राठी, अंकित वर्षा राठी, अर्पित सलोनी राठी, अर्पण राठी, व्रजराज राठी, अशोक गेलडा, अर्पित दम्मानी, परिवेश परवाल, अंकुश काबरा, यश पंडवार, सीताबाई कोगटा, संगीता गेलडा, प्रियंका दम्मानी, रानु परवाल, मिनल काबरा, प्रियल पंडवार, दिविशा राठी, सहित परिवारजन, रिश्तेदार, नगरवासी, समाजजन मौजूद थे। आभार भारत विकास परिषद संस्थापक अध्यक्ष दिलीप राठी ने माना।



# संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत 30 मार्च को जिला स्तरीय शिविर का किया जाएगा आयोजन

**आशीष वाणी**

**आलीराजपुर। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार जिले में सुशासन एवं स्वराज की अवधारणा को साकार करने हेतु संकल्प से समाधान अभियान का संचालन 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक विभिन्न चरणों में किया जा रहा है।**

अभियान के चतुर्थ चरण के अंतर्गत जिला स्तरीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन 30 मार्च 2026 को प्रातः 10 बजे से शासकीय महाविद्यालय आलीराजपुर के ऑडिटोरियम हॉल में किया जाएगा।

इस शिविर में जिले के सभी विभागों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों तक शासन की योजनाओं का लाभ समय-सीमा में पहुँचाने के उद्देश्य से आवेदन प्राप्त कर उनका त्वरित निराकरण किया जाएगा। साथ ही हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी प्रदान कर मौके पर ही लाभ वितरण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

जिला प्रशासन द्वारा सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे शिविर के व्यापक प्रचार-प्रसार की व्यवस्था करें, अपने विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित करें तथा अधिक से अधिक हितग्राहियों की उपस्थिति सुनिश्चित करें। शिविर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए जाएंगे।

अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए जिला स्तर पर एक, प्रत्येक अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा प्रत्येक विकासखंड से एक-एक (कुल 6) तथा ग्राम पंचायत स्तर से सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक अथवा अन्य सहयोगी कर्मचारी का एक-एक नाम प्रस्तावित किया जाएगा।

## सम्पादकीय

### सामाजिक कुरीति

सरकारी स्तर पर देश में दहेज प्रथा पर अंकुश लगाने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन आंकड़ों से पता चलता है कि इसकी वास्तविक तस्वीर बेहद चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की एक रपट के मुताबिक, वर्ष 2023 में दहेज संबंधी अपराधों के तहत दर्ज मामलों में चौदह फीसद की बढ़ोतरी देखी गई है। देश भर में इससे संबंधित पंद्रह हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए, जिनमें छह हजार से ज्यादा महिलाओं की मौत हो गई। जबकि वर्ष 2022 और 2021 में यह संख्या क्रमशः 13,479 और 13,568 थी। सवाल है कि इस तरह की घटनाओं पर रोक क्यों नहीं लग पा रही है? क्या वजह है कि दहेज प्रथा को बढ़ावा देने वालों में कानून का जरा भी खौफ नहीं है! इसके लिए निश्चित तौर पर कानून प्रवर्तन एजंसियों का ढुलमुल रवैया भी जिम्मेदार है। पुलिस की लापरवाही की वजह से कई बार दहेज से संबंधित मामलों के आरोपी अदालत में सबूतों के अभाव में बरी हो जाते हैं। कई दफा पीड़ित महिलाओं को शिकायत दर्ज कराने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जो पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि देश में सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद दहेज के लिए विवाहिता की हत्या या उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने की घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। इक्कीसवीं सदी में शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने के बावजूद इस मामले में समाज के एक हिस्से की रूढ़िवादी मानसिकता नहीं बदली है। यही नहीं, कानूनों को सख्ती से लागू करने के मामले में भी विभिन्न स्तरों पर लापरवाही देखी जाती है, जिस कारण इस कुप्रथा की जड़ें नष्ट होने के बजाय गहरी होती जा रही हैं। इसका दंश महिलाओं के खिलाफ हिंसा और उत्पीड़न तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह उनकी जान पर भी भारी पड़ रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने एक फैसले में इस पर गहरी चिंता जताई और दहेज के मामलों में महिलाओं की मौत की घटनाओं को समाज पर गहरा धब्बा करार दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस सामाजिक कुरीति के कारण आज भी हजारों महिलाएं बेमौत मारी जाती हैं। दहेज प्रथा केवल सामाजिक बुराई ही नहीं, बल्कि मानवाधिकारों और गरिमा का भी गंभीर उल्लंघन है। मगर कई मामलों में पीड़ित महिलाओं के परिजन कानूनी जागरूकता की कमी और सामाजिक दबाव के कारण पुलिस में शिकायत तक दर्ज नहीं करा पाते। ऐसे में इस बात पर गहराई से विचार करने की जरूरत है कि क्या भौतिक वस्तुएं, पैसा और झूठी शान किसी महिला की जान से ज्यादा मूल्यवान है! इस बात पर भी गौर करना जरूरी है कि दहेज उत्पीड़न या हत्या के मामलों की शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया को आसान बनाया जाए और ऐसे मामलों को गंभीरता से लेकर उनकी गहन जांच की जाए। इस तरह के मामलों की सुनवाई त्वरित अदालतों में की जानी चाहिए, ताकि पीड़ित पक्ष को जल्द न्याय मिल सके। इसके साथ ही सामाजिक स्तर पर भी जागरूकता और अन्य पहलों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है, जैसे महिलाओं को शिक्षित और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना तथा बेटियों को लेकर समानता आधारित दृष्टिकोण को धरातल पर सही मायने में अमल में लाना। सच यह है कि कानूनी सख्ती के समांतर जब तक समाज की सोच नहीं बदलेगी, तब तक किसी भी कुरीति को पूरी तरह खत्म कर पाना संभव नहीं है।

# जल संसाधन विभाग में 19.12 करोड़ रुपये का घोटाला, भाजपा सरकार जवाब दे-जितेंद्र (जीतू) पटवारी

**भोपाल। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र (जीतू) पटवारी ने जल संसाधन विभाग में सामने आए बड़े पैमाने के वित्तीय घोटाले को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार अब चरम सीमा पर पहुंच गया है और सिंचाई परियोजनाओं तक को भ्रष्टाचारियों ने नहीं बख्शा है।**

श्री पटवारी ने कहा कि जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने गलत गणना, मनमाने आधार महीनों का चयन और सूचकांक में हेराफेरी करके ठेकेदारों को कुल 19.12 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान कर दिया, जिससे प्रदेश के खजाने को सीधा भारी नुकसान पहुंचा है।

उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं में हुई अनियमितताओं का ब्यौरा देते हुए बताया-

**सिंगरौली**-रिहंद माइक्रो सिंचाई परियोजना में 8.95 करोड़ रुपये का अधिक भुगतान।

**शहडोल**-भन्नी माइक्रो परियोजना में 3.14 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान।

**दमोह**-ग्रैविटी बांध निर्माण में 2.46 करोड़ रुपये की अनियमितता।

**डिंडोरी**-मुरकी परियोजना में 2.27 करोड़ रुपये की वसूली नहीं की गई।

**सिवनी**-तिलवाड़ा नहर परियोजना में 1.49 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान।

श्री पटवारी ने आरोप लगाया कि यह अनियमितताएं महज लापरवाही नहीं, बल्कि सुनियोजित भ्रष्टाचार हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सिंगरौली परियोजना में जहां मई 2022 को आधार मानना चाहिए था, वहां मार्च 2021 का सूचकांक लागू कर दिया गया। वहीं शहडोल में मार्च 2021 के बजाय फरवरी 2022 का आधार बनाकर भुगतान किया गया। यह साफ दर्शाता है कि ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने के लिए जानबूझकर हेराफेरी की गई।

श्री पटवारी ने आगे कहा पूर्व में हुई पत्रकार वार्ता में जल संसाधन के बड़े घोटाले को तथ्यों के साथ उजागर किया था कि कैसे टेंडर प्रक्रिया में जल संसाधन विभाग में गिनी-चुनी कंपनियों का कब्जा हो गया है।

बड़े टेंडरों में बार-बार फलोदी कंस्ट्रक्शन और गुप्ता कंस्ट्रक्शन (मालिक-जगदीश गुप्ता) ही रु1, रु2 या रु3 बनकर सामने आती हैं। किसी व्यक्ति विशेष को फायदा पहुंचाने के लिए ही इस तरह बार-बार इनको ही टेंडर दिए जा रहे हैं।

साथ ही उन्होंने विभागीय गतिविधियों में नौशाद और अश्विन नाटू नाम के गैर-सरकारी व्यक्तियों की भूमिका पर भी सवाल उठाया था आज तक उन पर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है यह इस बात का प्रमाण है कि ये सब सरकार की सांठगांठ से ही किया जा रहा है।

श्री पटवारी ने कहा कि पन्ना जिले में दो कर्मचारियों द्वारा करीब 47 लाख रुपये के अनियमित भुगतान के मामले में केवल वेतन वृद्धि रोकने जैसी हल्की कार्रवाई करना यह साबित करता है कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रही है।

**कांग्रेस की मांगें-**

- पूरे मामले की उच्च स्तरीय स्वतंत्र जांच (SIT अथवा CBI जांच) कराई जाए।
- दोषी अधिकारियों तथा ठेकेदारों के खिलाफ कठोर आपराधिक कार्रवाई की जाए।
- जनता के पैसे का हुआ पूरा नुकसान वसूल किया जाए।
- भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पारदर्शी तंत्र विकसित किया जाए।

श्री पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार अब संस्थागत रूप ले चुका है। जनता के कड़ी मेहनत से कमाए पैसे की खुलेआम लूट हो रही है। कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाकर जवाबदेही तय कराएगी और भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार संघर्ष करती रहेगी।



# जनजाति सुरक्षा मंच की बैठक सम्पन्न, चलो दिल्ली गर्जना रैली को लेकर रणनीति तैयार

**योगेश चौहान**

**राणापुर। जनजाति सुरक्षा मंच, जिला झाबुआ तहसील राणापुर द्वारा चलो दिल्ली अभियान के तहत शीतला माता मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में समाजजन, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।**

बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी दिल्ली में प्रस्तावित महारैली को सफल बनाना एवं अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

बैठक की शुरुआत मां शीतला माता के पूजन-अर्चन से हुई, जिसके बाद समाज की एकता एवं संगठन मजबूती का संकल्प लिया गया।

**डीलिस्टिंग मुद्दे पर विशेष चर्चा**

बैठक के दौरान धर्मांतरित आदिवासियों का आरक्षण बंद करो विषय पर विशेष रूप से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि यह विषय सीधे तौर पर जनजातीय समाज के अधिकारों से जुड़ा है। जो लोग धर्म परिवर्तन कर चुके हैं, उन्हें जनजातीय आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। इससे मूल आदिवासी समाज के अधिकारों



का हनन हो रहा है।

इस संबंध में सरकार से डीलिस्टिंग (आरक्षण सूची से बाहर करने) की मांग को लेकर व्यापक आंदोलन की आवश्यकता है।

वक्ताओं ने इसे समाज के अस्तित्व, अधिकार और भविष्य से जुड़ा अहम मुद्दा बताते हुए जनजागरण अभियान तेज करने पर जोर दिया।

**संगठन विस्तार भी किया गया**

बैठक में राणापुर खंड समिति का गठन किया गया, जिसमें बापूसिंह सोलंकी-खंड संयोजक, मुकेश पालीवाल-सहसंयोजक, उदयसिंह खराड़ी-युवा प्रमुख, मांजूसिंह परमार-मीडिया प्रभारी, अंकेश परमार-सह मीडिया प्रभारी, सदस्य-शैलेंद्र सोलंकी, संजय सोलंकी, दीवानसिंह भूरिया, गुलाबसिंह अमलियार, महेश परमार एवं भरतसिंह मेड़ा को जिम्मेदारी सौंपी गई।

**बैठक में मुख्य अतिथि रहे**

इस अवसर पर जिला संयोजक मुकेश मेड़ा, केंद्रीय टोली सदस्य गुमानसिंह डामोर, जिला टोली सदस्य गणपतसिंह मुनिया सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**दिल्ली रैली को लेकर संकल्प**

अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करेंगे और अधिक से अधिक संख्या में लोगों को दिल्ली में प्रस्तावित महारैली में शामिल होने के लिए प्रेरित करेंगे। बैठक उत्साह, एकता एवं संगठन को मजबूत करने के संकल्प के साथ संपन्न हुई।

# भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन प्रशिक्षण सम्पन्न

आशीष वाणी

**आलीराजपुर। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, आपदा प्रबंध संस्थान, भोपाल के निर्देशन एवं कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के नेतृत्व में जिले में भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण 25, 26 एवं 28 मार्च 2026 को कलेक्टर कार्यालय स्थित ऑडिटोरियम हॉल, आलीराजपुर में आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम में एनसीसी एवं एनएसएस के महाविद्यालयीन एवं विद्यालयीन कैडेट्स के साथ-साथ होमगार्ड के प्रशिक्षणार्थियों ने दोपहर 2.00 से 5.00 बजे तक भाग लिया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को भूकंप के दौरान और बाद में किए जाने वाले बचाव कार्यों, जोखिम कम करने के उपायों तथा आपदा प्रबंधन की व्यावहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा ध्वस्त संरचनाओं में खोज एवं बचाव, रेस्क्यू ऑपरेशन की सुरक्षा, भवन निर्माण के प्रकार, भूकंपरोधी तकनीक, घायलों की सुरक्षित निकासी, प्राथमिक उपचार, सीपीआर, रक्तस्राव नियंत्रण एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी प्रबंधन विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।



अंतिम दिवस पर विभिन्न विभागों की आपदा के दौरान जिम्मेदारियों, त्वरित प्रतिक्रिया, तथा आपदा पश्चात पुनर्विकास की प्रक्रिया पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त संक्रामक रोगों की रोकथाम एवं मृतकों के प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रशिक्षणार्थियों को कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर द्वारा प्रशस्ति पत्र दिए गए।

इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मनोज गरवाल, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री भावेल, एसडीओ कुंदन मंडलोई सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# साल्हेवारा में संभागायुक्त का दौरा, अस्पताल निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**साल्हेवारा। जिला के.सी.जी. अंतर्गत ग्राम साल्हेवारा में दुर्ग संभाग के आयुक्त मान सत्यनारायण राठौर ने बीते दिन पहुंचकर विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया।**

दौरे के दौरान आयुक्त राठौर ने सबसे पहले साल्हेवारा में निर्माणाधीन 50 बिस्तर वाले नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय उन्होंने वहां पदस्थ एमबीबीएस डॉक्टर प्रकाश वर्मा को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

इसके बाद आयुक्त ने साल्हेवारा तहसील कार्यालय का भी निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित एसडीएम अविनाश ठाकुर को शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान हल्का पटवारी राजेन्द्र साहू, साल्हेवारा सरपंच दसरथ पटेल तथा लैब टेक्नीशियन प्रवीण गायकवाड सहित



अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

आयुक्त के इस निरीक्षण से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है, वहीं स्थानीय लोगों में भी स्वास्थ्य सुविधाओं के शीघ्र उपलब्ध होने की आशा बढ़ी है।

# हनुमान डोल में दो अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर होगा विशाल भंडारा

ब्यूरो चीफ राकेश सिंह 8226096301

**बैतूल।** हनुमान डोल में घने वनों के बीच स्थित चमत्कारी हनुमान मंदिर में पूरे श्रद्धा भाव के साथ दो अप्रैल गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव पर हवन पूजन के उपरांत विशाल भंडारा होगा। इस मौके पर कमानी गेट से हनुमान डोल तक श्रद्धालुओं को लाने एवं वापस ले जाने के लिए निःशुल्क बस चलेगी। हनुमान डोल मंदिर समिति के अध्यक्ष राहुल (चिंटू) शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि दो अप्रैल गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह हवन पूजन प्रारंभ होगा। पूर्णाहुति एवं आरती के पश्चात ध्वजा चढ़ाई जाएगी। प्रातः 10 बजे से विशाल भंडारा प्रसादी का वितरण शुरू होगा जो शाम तक चलेगा। समिति सचिव अमरीश (सोनू) शर्मा ने बताया कि पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाजसेवी एवं समिति सदस्य मुकेश खंडेलवाल की ओर से प्रातः 11 बजे से शाम तक कमानी गेट से हनुमान डोल तक श्रद्धालुओं को लाने ले जाने के लिए निःशुल्क बस उपलब्ध रहेगी।



# जान से मारने की नीयत से प्राण घातक हमला करने वाले आरोपी विशाल दामके को कुक्षी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा

रामेश्वर सोनी

**कुक्षी। दिनांक 27.03.2026 को फरियादी जगदीश पिता मंगत्याजी पाटीदार उम्र 56 साल निवासी ग्राम लोहारा हनुमान मंदीर के पास ने रिपोर्ट किया कि मैं आज गाँव में हनुमान मंदीर पर रामायण का पाठ कार्यक्रम चल रहा था।**

मंदिर पर गाँव के लोग इकट्ठे होकर मंदीर के सामने बैठकर रामायण पाठ सुन रहे थे मंदीर के सामने मेरा लडका राहुल पिता जगदीश व उसके पास में विमल पिता शंकर पाटीदार भी बैठे थे वहाँ पर तलवाडा का विशाल पिता लक्ष्मण दामके जिसे हम जानते है, मंदिर पर आया तो हम लोगों ने बोला कि यहाँ मंदिर पर रामायण पाठ चल रहा है। तुम शराब पीये हो क्यो आये हो इस पर विशाल दामके ने गाली गुप्ता करने लगा और रामायण पाठ में व्यवधान उत्पन्न मत कर इस पर विशाल दामके द्वारा जेब से चाकू निकाला ओर मेरे लडके राहुल पर अचानक जान से मारने की नियत से चाकू




से हमला कर दिया जिससे राहुल को पेट में बायी तरफ चोट होकर खून निकलने लगा इतने में पास में बैठा विमल पाटीदार बचाने गया तो उसे भी चाकू से वार किया जिससे उसके बाये पैर की जाँघ पर चोट होकर खून निकलने लगा फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कुक्षी पर अपराध क्रमांक 104/2026 धारा 109 (1) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया।

विवेचना के दौरान आरोपी विशाल पिता लक्ष्मण दामके जाति हरिजन उम्र 23 साल निवासी तलवाडा थाना कुक्षी को दिनांक 28.03.2026 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

इस मामले को गंभीरता से लेते हुवे पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक धार मयंक अवस्थी के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार विजय डावर एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कुक्षी सुनिल गुप्ता के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी कुक्षी राजेश यादव ने एक टीम गठित की गई जिनके द्वारा आरोपी विशाल दामके को गिरफ्तार किया गया।

इस उल्लेखनीय सफलता में निरीक्षक राजेश यादव, सउनि राजेश कंसाना, प्रआर 831 नितिन कोशल, सैनिक 279 दरियाव का विशेष योगदान रहा है।

# शिक्षा चौपाल अंतर्गत ग्राम सेजावाड़ा में उत्कृष्ट विद्यालय चंद्रशेखर आजाद नगर के छात्र-छात्राओं ने लघु नाटिका की दी प्रस्तुति

आशीष वाणी

**आलीराजपुर। जिला कलेक्टर नीतू माथुर के निर्देश पर एवं एसडीएम निधि मिश्रा के मार्गदर्शन में शासन द्वारा चलाए जा रहे शाला त्यागी बच्चों तथा नवीन प्रवेश लेने योग्य बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिये विकासखंड के गांवों में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया जा रहा हैं।**

जिसके तहत विकासखंड के चयनित विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षा चौपाल में नुक्कड़ नाटक की अभिनव प्रस्तुतियां गांवों में दी जा रही हैं।

इसी के तहत ग्राम सेजावाड़ा में उत्कृष्ट विद्यालय चंद्रशेखर आजाद नगर के छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक की अभिनव प्रस्तुति दी गई। विद्यार्थियों द्वारा नाटक के माध्यम से बताया गया कि जो विद्यार्थी विद्यालय में अध्ययन करते हैं वह एक दिन



पढ़ लिखकर डॉक्टर,इंजीनियर तो कोई अधिकारी बन जाता हैं। जबकि जो बच्चे विद्यालय नहीं पहुंच पाते या बीच में पढ़ाई छोड़ देते हैं वह जीवनभर मेहनत मजदूरी करके अपना जीवनयापन करते हैं उन्हें कई कठिनाई का सामना करना पड़ता हैं।विद्यार्थियों ने गीत के माध्यम शासन के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं व योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

इस अवसर पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार कोरी ने उपस्थित ग्रामीणों से शासन के द्वारा किए जा रहे प्रयास के तहत अधिक से अधिक पढ़ने योग्य बच्चों को जो स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं उन्हें अपने नजदीक विद्यालय में प्रवेश दिलाने की अपील की। उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य निलेश शाह ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य निलेश शाह,हायर सेकेंडरी सेजावाड़ा प्राचार्य गजराज सिंह चौहान, चुने सिंह चौहान,उत्कृष्ट विद्यालय शिक्षक हेमेंद्र गुप्ता,राधेश्याम बिरला,शिक्षिका शिवांगनी गौड़,शीतल मोहनिया, सेवंता केश, सेजावाड़ा संकुल जन शिक्षक धनिया बामनिया, रायसिंह राठौर, मावसिंह राठौर, तौल सिंह परमार आदि ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# पुलिस थाना सतवास जिला देवास की अवैध शराब परिवहन करने वाले के विरुद्ध शख्त कार्यवाही

कांटाफोड़ जितु सिंगी

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय देवास श्री पुनित गहलोद के मार्गदर्शन में एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय देहात कन्नौद सुश्री सोम्या जैन एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय कन्नौद श्री आदित्य तिवारी के के निर्देशन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रांत झांझोट के नेतृत्व में दिनांक 28.03.2026 को श्री बाबा महांकाल रेस्ट पांईट काटाफोड रोड सतवास के पास विश्वसनीय मुखबीर सूचना पर वाहन चेकिंग लगायी जिस पर काटाफोड तरफ से आ रही स्लेटी रंग की कार मुखबीर बताये हुलिये की आती दिखी जिसे हमराह फोर्स व गवाहो की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा।

मारुती ईको कार की ड्रायवर सीट पर बैठे व्यक्ति का नाम पता पूछते उसने अपना नाम फरदीन शेख पिता हनीफ शेख जाति मुसलमान उम्र 23 साल निवासी ग्राम मोहाई जागीर थाना सतवास व बगल वाली सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम शिवासिंह पिता दिलीप सिंह पटवा जाति सिकलीगर उम्र 27 साल निवासी वार्ड क्र 08 सतवास का होना बताया। बाद उक्त ईको कार की तलाशी लेते




कार में कार के अंदर से 19 पेटी देशी प्लेन शराब प्रत्येक पेटी में 180 द्रव्य के 50 क्वार्टर कुल देशी प्लेन क्वार्टर 950 एवं कुल मात्रा 171 लीटर एवं 3 पेटी अग्रेजी बीयर केन 24 नग प्रत्येक नग 500 द्रव्य बोल्ट कंपनी की कुल 72 केन कुल मात्रा 36 लीटर रखी होना पायी गयी। इस प्रकार कुल शराब 207 लीटर किमती 99180/ रूपये की तथा मारुती ईको की किमती 500000/ रू हैं कुल मश्रुका 599180/ रू की जप्त कर दोनों आरोपीगणो द्वारा कोई वैद्य लायसेंस नही होना बताया जिनको मौके से गिरफ्तार किया गया तथा थाना सतवास पर आरोपी के विरूध्द अप.क्र. 121/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

# वाराणसी में उमड़ेगा आस्था का जन सैलाब, 23वें वर्ष में इतिहास रचेगा श्री हनुमान ध्वजा यात्रा, 30 हजार से अधिक श्रद्धालु, 1100 गदाधारी भक्त और 5100 ध्वजाओं से गुंजायमान होगी काशी की गलियां

(रविन्द्र गुप्ता)

**वाराणसी। धर्म की नगरी काशी में भगवान शिव के 11वें रूद्र अवतार श्री संकटमोचन हनुमान जी के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्री हनुमत् सेवा समिति नेवादा द्वारा भव्य श्री हनुमान ध्वजायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। अपने स्थापना के 22वें वर्ष पूर्ण कर 23वें वर्ष में प्रवेश कर रहा यह यात्रा इस बार एक नया इतिहास लिखने को तैयार है।**

आज आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान समिति के पदाधिकारियों ने यात्रा की तैयारियों और इसकी भव्यता का विवरण साझा किया।

इस वर्ष की यात्रा का विशेष आकर्षण 1100 हनुमान भक्तों के हाथों में शोभायमान गदा होगा, जो शक्ति और भक्ति का अनूठा प्रदर्शन करेगा। नभ में लहराते 5100 लाल केसरिया ध्वज हनुमान जी की दिव्य मौजूदगी का एहसास करायेंगे।



भिखारीपुर तिराहा से श्री संकटमोचन दरबार तक के मार्ग पर भक्तों की सुविधा हेतु 250 से अधिक सेवा स्टाल लगाये जायेंगे। यहाँ फल, मिठाई, जूस, छाछ, लस्सी, फलाहार और ड्राईफ्रूट्स का वितरण होगा।

डमरुओं की गूंजः यात्रा में 100 से अधिक डमरू वादकों का समूह वातावरण को शिव शक्ति की उर्जा से भर देगा।

यह ऐतिहासिक यात्रा 02 अप्रैल 2026 गुरुवार को प्रातः 7.00 बजे भिखारीपुर तिराहे से षोडशोपचार पूजन और भव्य आरती के पश्चात प्रारम्भ होगा। हजारों भक्त चिलचिलाती धूप की परवाह किए बिना नंगे पाँव श्री संकटमोचन दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचेंगे।

यात्रा में उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया, चन्दौली, सोनगढ़, गोरखपुर के साथ ही महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, झारखण्ड, उत्तराखण्ड, राजस्थान, और मध्यप्रदेश जैसे 7 राज्यों के लगभग 30,000 से अधिक श्रद्धालु सम्मिलित होंगें। समिति के 8 उप कार्यालयों रामसिंहपुर, अदलपुरा, कोनियें, शिवरतनपुर, डॉफी, बजरडीहों और जानकी नगर से भक्तों का जत्था सुंदर झाँकियों के साथ शामिल होगा। इन झाँकियों में रामदरबार शिव-पार्वती और हनुमान जी के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन होंगें।

भक्तों के बीच प्रसाद वितरण हेतु समिति द्वारा विशेष रूप 501 किलोग्राम शुद्ध देशी घी के लड्डू का भोग तैयार करवाया जा रहा है।

यह यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि काशी की अटूट आस्था का प्रतीक है। इस वर्ष हम 23वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं और हमारा लक्ष्य विश्व कल्याण, देश कल्याण, समाज कल्याण, परिवार कल्याण के साथ हनुमान जी के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करना है।

पत्रकार वार्ता को अध्यक्ष रामबली मौर्य, कोषाध्यक्ष अजय मौर्य एवं संरक्षक डॉ. सन्तोष ओझा ने सम्बोधित किया।

## दो वरिष्ठ एवं दो युवा भाजपा कार्यकर्ताओं को बनाया नगर परिषद सिंगोली एल्डरमैन, कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर

**सिंगोली। मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश की नगर पालिका एवं नगर परिषदों में एल्डरमैन की नियुक्तियों को लेकर महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी की गई है। इसी क्रम में सिंगोली नगर परिषद में भी चार एल्डरमैन नियुक्त किए गए हैं, जिससे स्थानीय प्रशासनिक और विकास कार्यों में नई गति आने की उम्मीद जताई जा रही है।**

जारी अधिसूचना क्रमांक 02 एफ 6/5/0013/2026/18-3 के अनुसार, मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1961 की धारा 19 की उपधारा (1) के खंड (ग) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए राज्य शासन ने यह नियुक्तियां की हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि ये नाम निर्देशन नगर परिषद के वर्तमान कार्यकाल अथवा राज्य शासन के आगामी आदेश, जो भी पहले हो, तक प्रभावी रहेंगे सिंगोली नगर परिषद के लिए जिन व्यक्तियों को एल्डरमैन नियुक्त किया गया है, उनमें वरिष्ठ भाजपा कार्य कर्ता देवीलाल जंगम, कौशलकिशोर व्यास एवं युवा समाजसेवी गौभक्त महेश दशौरा,किशन शर्मा शामिल हैं। बताया गया है कि सभी नामांकित व्यक्तियों की नियुक्ति



फिलहाल पुलिस सत्यापन (वेरिफिकेशन) के अधीन रहेगी।

सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ही इन्हें आधिकारिक रूप से एल्डरमैन के अधिकार प्रदान किए जाएंगे। गौरतलब है कि नीमच जिले की अन्य नगर परिषदों में भी एल्डरमैन की नियुक्तियां की गई हैं, जिससे पूरे नगर में नगरीय प्रशासन को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

**मादक पदार्थ के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई**

# 50 लाख की ड्रग्स (एमडी) के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**रतलाम। जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। रिंगनोद थाना क्षेत्र में पुलिस ने 50 लाख रुपये कीमत की एमडी ड्रग्स के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एनडीपीएस में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।**

पुलिस के अनुसार, माननखेड़ा चौकी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मंदसौर की ओर से एक बोलेरो पिकअप वाहन में सवार तीन व्यक्ति अवैध स्ब ड्रग्स लेकर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार एवं एसडीओपी संदीप मालवीय के मार्गदर्शन में टीम गठित की गई।

गठित टीम ने माननखेड़ा चौकी के सामने फोरलेन रोड पर घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर



उसमें सवार तीन आरोपी सुमित बैरागी (20), प्रकाश गुर्जर (19) और रिहान खान (19), सभी निवासी मंदसौर के कब्जे से 500 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई। बरामद ड्रग्स की अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उनसे ड्रग्स के स्रोत व सप्लाई नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

**55 लाख की कुल जप्ती**

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 50 लाख रुपये कीमत की एमडी ड्रग्स के साथ करीब 5 लाख रुपये कीमत का बोलेरो पिकअप वाहन भी जब्त किया है। इस प्रकार कुल जप्ती लगभग 55 लाख रुपये की हुई है।

**सराहनीय भूमिका**

आरोपियों को गिरफ्तार करने में निरीक्षक आनन्द सिंह आजाद थाना प्रभारी रिंगनोद, उप निरीक्षक राजेश मालवीय चौकी प्रभारी माननखेडा, प्रआर 658 हर्षवर्धनसिंह जगावत, आर.801 घनश्याम कुमावत, आर.895 संतोष कुमार, 1156 अनिल डांगी, आर. नरेन्द्र सिंह, आर. कृष्णपालसिंह, सै.1149 सुरेश उपाध्याय, सै.1058 जालमसिंह व सै.82 शातिलाल बामनिया की सराहनीय भूमिका रही।

## राम नाम निज सार है, राम नाम निज मुल। राम नाम सोदा करो, राम नाम न भुल-संत रामपाल जी महाराज

**उज्जैन। जगत गुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज के पावन सानिध्य में 29 मार्च रविवार को एक दिवसीय आदि सनातन धर्म तत्वज्ञान सत्संग का भव्य आयोजन श्री राम दास धर्मशाला, पंवासा में अत्यंत श्रद्धा एवं आध्यात्मिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ।**

इस अवसर पर संत रामपाल जी महाराज के अमृत वचनों राम नाम निज सार है, राम नाम निज मूल।

राम नाम सौदा करो, राम नाम न भूल के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को जीवन के वास्तविक उद्देश्य, सतभक्ति की महिमा तथा मोक्ष प्राप्ति के सच्चे मार्ग से अवगत कराया गया।

सत्संग के दौरान एलईडी प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रसारित दिव्य प्रवचनों ने श्रद्धालुओं के अंतर्मन को स्पर्श किया। वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बना रहा, जहां हर



ओर राम नाम की मधुर गूंज सुनाई देती रही और उपस्थित जनसमूह ने आत्मिक शांति का अनुभव किया।

सत्संग के समापन अवसर पर निशुल्क नाम दीक्षा का भी विशेष आयोजन किया गया, जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लेकर सच्ची भक्ति की ओर अपने कदम बढ़ाए। साथ ही, परमात्मा से जीवित अवस्था में सुख-शांति प्राप्त करने तथा परम धाम की प्राप्ति के उद्देश्य से आदि सनातन धर्म तत्वज्ञान को समझने हेतु आध्यात्मिक ज्ञान से परिपूर्ण पुस्तक ज्ञान गंगा, गीता तेरा ज्ञान अमृत तथा सभी धर्मों के धर्म ग्रंथों का स्टाल भी लगाया गया, जहां श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक ज्ञानवर्धक साहित्य ग्रहण किया।

अंत में सभी श्रद्धालुओं ने संत रामपाल जी महाराज के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु जन भक्त व भक्त मती शामिल हुए।

## तनोडिया में जल गंगा संवर्धन अभियान केतहत जल शक्ति से नवभक्ति कार्यक्रमों का आयोजन

**उज्जैन।** तनोडिया जल संरक्षण गतिविधियों का आयोजन किया आयोजन मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री एवं मध्य प्रदेश जन अभियान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में संभाग समन्वयक शिव मालवीय के मार्गदर्शन में जिला समन्वयक देवेन्द्र शर्मा के निर्देशानुसार जिला समन्वयक देवेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन मे सेक्टर क्र 01की चयनित नवांकुर संस्था तनोडिया ग्राम विकास जन कल्याण समिति के तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सेक्टर के विभिन्न जल संरक्षण के लिए जल जागरण के लिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन जागरूकता के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रथम चरण की गतिविधियों में दिनांक 19 मार्च से 27 मार्च तक सेक्टर आदि गांवों में प्रस्फुटन समितियों के द्वारा



जल स्रोत पुजन, वटवृक्ष पुजन, जल मंदिर (प्याऊ) स्थापना प्रभातफेरी, कलश यात्रा, जल संरक्षण की शपथ आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में नवांकुर प्रस्फुटन समितियों के भंवर सिंह मदन लाल चौधरी, दिनेश तिवारी के विशेष सहयोग से 01 तनोडिया सेक्टर में जल गंगा संवर्धन अभियान के विभिन्न गतिविधियों का आयोजन में जन जागरूकता कार्यक्रम किया।

# भगवान महावीर के विचार आज भी प्रासंगिक-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## दिगंबर और श्वेताम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन ने दी है समाज सेवा को नई दिश, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन्दौर में महावीर जयंती व्याख्यान में की सहभागिता

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर संसार को सत्य, अहिंसा, असंचय, अपरिग्रह, त्याग और तपस्या का शाश्वत संदेश देने वाले करुणा के महासागर थे।**

भगवान महावीर ऐसे तीर्थंकर हैं, जिनसे हम सबको प्रेरणा मिलती है। ऐसे भगवान की जयंती हमें वर्षभर मनाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से करीब ढ़ाई हजार साल पहले भगवान महावीर स्वामी ने जो कहा था, वह आज की वैश्विक परिस्थितियों में भी प्रासंगिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन दर्शन की विशेषता है कि वह दूसरों को दबाने या डराने की बजाय, जिनेन्द्रियों पर अर्थात् स्वयं पर विजय प्राप्त करता है। भगवान महावीर स्वामी ने भी स्वयं की इन्द्रियों को जीता है, इसलिये वे जिन महावीर कहलाये। आज पूरी दुनिया उनको पूजती है, उनके विचारों को मानती है। मुख्यमंत्री ने भगवान महावीर के चरणों में वंदन कर प्रदेशवासियों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हर काल में राष्ट्र निर्माण में जैन समाज का अप्रतिम योगदान रहा है। आज ऐसे समाजसेवियों को सम्मानित करना हम सबके लिए सौभाग्य का अवसर है, जिन्होंने भगवान महावीर की शिक्षाओं को अपने आचरण और व्यक्तित्व में उतारा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इन्दौर की स्कीम नं.-78 स्थित श्री मदन मोहन मेहता ऑडिटोरियम में महावीर जयंती व्याख्यान एवं महावीर अलंकरण/सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान जिन् महावीर पर दिखाए सत्यमार्ग पर चलने वाले 4 वरिष्ठ समाजसेवियों श्री चंदनमल चौरड़िया, श्री हंसराज जैन, श्री हंसमुख गांधी एवं श्री संतोष कुमार जैन को महावीर अलंकरण प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने सम्मानित समाजसेवियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सबने भगवान महावीर के सिद्धांतों को सच्चे अर्थों में जीवन में आत्मसात किया है। आपका आचरण और यह उपलब्धि दूसरों को भी ऐसा करने की प्रेरणा देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन और श्वेताम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन उच्चकोटि की समाज सेवा के जीवंत उदाहरण है। महावीर जयंती व्याख्यान एवं महावीर अलंकरण समारोह के रूप में इन दोनों फेडरेशन्स का यह संयुक्त प्रयास अद्भुत संगठन शक्ति, समर्पण और समाज के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का परिचायक है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्तमान में चल रहे वैश्विक उथल-पुथल का जिक्र करते हुए कहा कि स्वहितों के लिए पूरे विश्व को विषम और असामान्य सी परिस्थितियों में ला देने वाले लोगों को भगवान महावीर के अहिंसा परमो धर्म सूत्रवाक्य को याद करना चाहिए। क्योंकि हिंसा और अराजकता का जबाव प्रतिकार नहीं, बल्कि करुणा और संयम ही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि करीब 100 साल पहले विदेशियों को संबोधित करते हुए महान वैज्ञानिक डॉ. जगदीश चन्द्र बसु ने विदेशियों को बताया था कि पेड़-



पौधों में भी जीवन होता है और वे इसका अनुभव करते हैं। हमारे यहां गांव-देहात में रहने वाला सामान्य व्यक्ति भी जानता है कि संध्या के समय पेड़-पौधों को स्पर्श नहीं करना चाहिए अथवा पत्तियों और पुष्पों को नहीं तोड़ना चाहिए। हमारे देश में चर-अचर जगत में सभी को सम्मान दिया जाता है। पृथ्वी को माता मानकर उसकी पूजा की जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मानव शरीर पंच तत्वों से मिलकर बना है और जैन दर्शन में पांच ज्ञानेन्द्रियां, पांच क्रमेन्द्रियां और मनुष्य के मन-मानस को विस्तार से परिभाषित किया गया है। जैन दर्शन में एकात्मवाद सहित उपवास, आत्मा, संस्कार आदि पर भी बहुत कुछ लिखा-कहा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा भोजन सात्विक होना चाहिए। जैसा आहार होगा, वैसा ही हमारा मन और विचार होंगे। परमात्मा ने एक चीज हम सबको दी है और वह है ऑक्सीजन, जो हम सबके जीवन के लिए जरूरी है।

आज हमारी ऊर्जा का स्रोत भी सात्विक होना चाहिए। इसीलिए हमारी सरकार ग्रीन एनर्जी प्रोडक्शन में विशेष प्रयास कर रही है।

इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाजजनों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।कार्यक्रम को शिक्षाविद् श्री स्वप्निल कोठारी एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री राजेश चेलावत ने भी संबोधित किया।

## मामा के नाम से पहचान बना चुके किशोर रघुवंशी की सिंधिया से मुलाकात, फुटबॉल आयोजन को लेकर चर्चा

**किशन लाल जागिड़ ब्यूरो खरगोन**

**दिल्ली। खरगोन जिले में मामा के नाम से पहचान बना चुके किशोर रघुवंशी ने 25 मार्च को राजधानी दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की। यह मुलाकात एक प्रस्तावित खेल आयोजन को लेकर हुई, जिसमें क्षेत्र में फुटबॉल को बढ़ावा देने पर विशेष चर्चा की गई।**

किशोर रघुवंशी के साथ खंडवा से राहुल मेहता, प्रणय गुप्ता, किरण दीदी, जवाहर लाल एवं शुभम यादव भी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने खरगोन जिले में





फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित करने का प्रस्ताव रखते हुए खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाओं की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस दौरान स्वर्गीय माधवराव सिंधिया एवं स्वर्गीय महारानी माधवी राजे सिंधिया की पुण्यतिथि पर प्रदेश स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित करने का सुझाव भी सामने रखा गया।

श्री सिंधिया ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए खेलों के विकास के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें सही मंच देने की।

मुलाकात के बाद प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में क्षेत्र में बड़े स्तर पर खेल आयोजन होंगे, जिससे युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

## कन्या पूजन के माध्यम से सेवा भारती ने दिया नारी सम्मान व महिला सशक्तिकरण का संदेश

**दिपेश पड़ियार**

**पेटलावद।** नवरात्रि पर्व के समापन अवसर पर सेवा भारती झाबुआ प्रकल्प, पेटलावद द्वारा प्रकल्प परिसर में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ कन्या पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं का विधि-विधान से पूजन कर उन्हें उपहार भेंट किए गए तथा स्वल्पाहार कराया गया। सेवा भारती के कार्यकर्ताओं ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में नारी सम्मान और महिला सशक्तिकरण की भावना को सुदृढ़ करना है, ताकि बालिकाओं को बचपन से ही सम्मान मिले। कार्यक्रम के दौरान समिति के सदस्यों एवं प्रकल्प से जुड़े सहयोगियों ने भी कन्याओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सेवा भारती झाबुआ के जिला अध्यक्ष हरिओम पाटीदार, तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र भट्ट, जिला समिति सदस्य राजेश सिंधराज, सुरेश प्रजापति तथा प्रकल्प के सहयोगी नेहा मकवाना, प्रिया सोलंकी, गायत्री मोरवाल और माही परमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही सेवा भारती प्रकल्प में सिलाई एवं मेहंदी प्रशिक्षण प्राप्त कर रही प्रशिक्षार्थी भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम के अंत में सेवा भारती पेटलावद प्रकल्प द्वारा जानकारी दी गई कि ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र का नया सत्र शीघ्र प्रारंभ होने जा रहा है, जिसमें इच्छुक महिलाएं आवेदन कर सकती हैं। इसके साथ ही सिलाई प्रशिक्षण के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।






## कैबिनेट मंत्री की उपस्थिति में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजित सम्पन्न हुआ

**दिपेश पड़ियार**

**सारंगी।** झाबुआ जिले के सारंगी मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती, उनकी भूमिका तथा राष्ट्र सेवा के संकल्प को लेकर आठ सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।













कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में श्यामजी ताहेड ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। द्वितीय सत्र में समर्थ उपाध्याय, तृतीय सत्र में राजेश वसुनिया (जिला महामंत्री), चतुर्थ सत्र में सुनील पांडा (नगर परिषद अध्यक्ष थांदला), पंचम सत्र में दौलत भावसार (पूर्व जिला अध्यक्ष) तथा षष्ठम सत्र में सोमसिंह सोलंकी (प्रदेश मंत्री, अजजा मोर्चा) ने मार्गदर्शन दिया।

सप्तम सत्र में सुश्री निर्मला भूरिया (कैबिनेट मंत्री, म.प्र. शासन) तथा अष्टम सत्र में लक्ष्मण सिंह नायक (पूर्व जिला अध्यक्ष) ने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक कार्यों और विचारधारा पर विस्तार से जानकारी दी। सारंगी मंडल अध्यक्ष पप्पू लाल गामड़ ने पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन पर विशेष ध्यान दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभारी हेमेन्द्र सिंह राठौर रहे। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम संगठन को मजबूत बनाने और कार्यकर्ताओं में वैचारिक स्पष्टता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पप्पू लाल गामड़, ने प्रशिक्षण अभियान कार्यक्रम सफल संपन्नता पर विशेष ध्यान दिया कार्यक्रम का संचालन महामंत्री पवन गुर्जर ने किया ओर कार्यक्रम का आभार महामंत्री रामचन्द्र भुरिया ने माना।इस अवसर पर भाजपा मंडल के सभी पदाधिकारी और मोर्चा, प्रकोष्ठ के व जिला पदाधिकारी व अध्यक्ष व पदाधिकारि और कार्यकर्ता एवं भाजपा के वरिष्ठ, जेष्ठ, श्रेष्ठ ओर सक्रिय कार्यकर्ता एवं जनपथ सदस्य व सरपंच गण उपस्थित रहे

# भाजपा जिला उज्जैन ग्रामीण के नागदा विधानसभा के चारों मण्डलों में कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

(धवन माहेश्वरी)

**उज्जैन। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी जिला उज्जैन ग्रामीण के नागदा विधानसभा के चारों मण्डलों में कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग हुए संपन्न।**

प्रशिक्षण वर्ग अभियान के जिला संयोजक राकेश यादव ने बताया कि नागदा ग्रामीण, खाचरौद नगर, खाचरौद ग्रामीण उत्तर एवं खाचरौद ग्रामीण दक्षिण में 28 व 29 मार्च को प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुए। शेष मण्डलों में भी निरंतर प्रशिक्षण वर्ग संपन्न किये जायेगें।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ ने अपने वक्तव्य में कहा कि सबका साथ, सबका विकास ओर सबका संकल्प इस मूलमंत्र को लेकर भाजपा की केन्द्र से लेकर राज्य सरकार एवं संगठन अपनी विचारधारा को लेकर अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं के माध्यम से विकसित ओर समृद्ध बनाने का कार्य कर रही है। भाजपा ने विचार सेवा ओर समर्पण भाव से अपनी पहचान को स्थापित किया है। यह कार्यपद्धति संगठन को मजबूती प्रदान करती है। नागदा खाचरौद विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान ने बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षणों से कार्यकर्ताओं में व्यक्तित्व, निखार व बदलाव होगा, तथा वह संगठन की रीति नीति के अनुरूप बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकेगें।

अपने वक्तव्य में प्रदेश सरकारी की उपलब्धियों पर उन्होने बताया कि हमारी सरकार ने विकास के नये आयाम स्थापित किये है, सड़क निर्माण, बिजली की स्थिति में सुधार, शिक्षा ओर स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं मिल रही है। किसानों के लिये भी हमारी सरकार ने कई योजनाएं प्रारंभ की है। जिससे उनकी आय बढ़ी। हमारी सरकार जनहित में प्रतिबद्ध है, ओर आगे भी विकास की इस यात्रा को जारी रखेगी।

जिला मीडिया प्रभारी गजेन्द्र परमार ने बताया कि नागदा विधानसभा के चारों मण्डलों में हुए प्रशिक्षण वर्ग में अलग-अलग सत्रों में वक्ताओं ने अपने-अपने विषयों पर वक्तव्य दिया। जिसमें मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़, विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान, सांसद अनिल फिरोजिया, पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम बंसल, पूर्व केबीनेट मंत्री सुल्तानसिंह शेखावत, प्रदेश मंत्री अजा मोर्चा डॉ. जगदीश चौहान, पूर्व जिला मंत्री राजपालसिंह राठौर, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा दयाराम धाकड़, पूर्व प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा कृष्णपालसिंह झाला ने अपना वक्तव्य दिया। प्रशिक्षण वर्गो में अभियान के सह-संयोजक निरंजन मेहता, महिपालसिंह उमठ एवं श्रीमती रीतू पाटीदार भी व्यवस्था में रहे।

भारतीय जनता पार्टी जिला उज्जैन ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ ने रविवार को नागदा के वार्ड क्रमांक 2, बूथ क्रमांक 78 स्थित बालहनुमान मंदिर प्रांगण में पूर्व




राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त सुल्तानसिंह शेखावत, कार्यकर्ताओं एवं आमजन के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी के ''मन की बात'' कार्यक्रम का श्रवण किया।

### उत्कृष्ट पत्रकारिता का सम्मान

# नीमच के राहुल जैन को मिला जैन पत्रकार परिषद अवॉर्ड



दिनेश राठौर

**नीमच/उज्जैन। जैन समाज के पत्रकारों के प्रतिष्ठित मंच जैन पत्रकार परिषद द्वारा आयोजित भव्य अवार्ड समारोह उज्जैन स्थित शंकराचार्य मठ में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन परम पूज्य आचार्य विश्व रत्नसागर जी महाराज के सान्निध्य एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे हुआ, जिसमें परिषद के प्रदेश संयोजक दीपक दुग्गड ने स्वागत भाषण दिया। इसके पश्चात आचार्य श्री ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में पत्रकारों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकार विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्यपूर्वक सत्य के साथ खड़े रहते हैं यह गुण विरले व्यक्तियों में ही होता है। उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकार समाज में सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह के बदलाव लाने की शक्ति रखते हैं।

इस गरिमामयी आयोजन में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में जैन पत्रकार उपस्थित रहे। समारोह के दौरान कुल 11 पत्रकारों को उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में नीमच जिले से दैनिक मालव दर्शन के उपसंपादक एवं नीमच जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष राहुल जैन को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

उन्हें यह सम्मान अहमदाबाद के डोडिया गांधी परिवार शा. बाबूलालजी एवं धनराजजी द्वारा प्रदान किया गया।

इस अवसर पर नीमच जिले से कई गणमान्य पत्रकार उपस्थित रहे, जिनमें राजेश भंडारी, कृष्णकांत जैन, विमल जैन, संजय नागोरी, आयुष भंडारी, अनिल जैन, राजकुमार जैन एवं संजय जैन प्रमुख रूप से शामिल थे।

यह समारोह न केवल पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना, बल्कि समाज में निष्पक्ष और साहसी पत्रकारिता के महत्व को भी रेखांकित करता है।

# चिलचिलाती धूप में नामांकन शिक्षक घर-घर दे रहे दस्तक

ब्यूरो चीफ राकेश सिंह

**बैतूल।** स्कूलों में दर्ज संख्या का अनुपात दिनों दिन कम होते जा रहा है। जिससे निजी स्कूलों के साथ शासकीय स्कूल के शिक्षक भी अपने स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए तेज धूप में भी घर-घर पहुंचकर सरकारी स्कूल में बच्चों का प्रवेश कराने के लिए पालकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दे रहें हैं। जिससे की सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाया जा सके। ढोंडवाड़ा स्कूल के शिक्षक विगत एक सप्ताह से निरंतर बाबई, सावंगा, सेलगांव, दबेरी एवं ढोड़वाड़ा के ग्रामीणों से लगातार भेंट कर अपने स्कूल में प्रवेश के लिए समझाईश दे रहें हैं। शिक्षक मदनलाल डढोरे, अशोक पवांर, जयदेव डोंगरे व होसीलाल उइके ने कहा कि हम बच्चों और पालकों एवं जनप्रतिनिधियों को शासन की जानकारी देकर प्रवेश के लिए प्रोत्साहित कर रहें हैं। ग्रामीण बद्रीप्रसाद पवार ने कहा कि आज



कल सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का स्तर अच्छा व सस्ता होने से पालको में बच्चों के प्रवेश के विषय में भी रूझान देखने को मिल रहा है।


## कार्यालय नगर परिषद झाबुआ जिला झाबुआ (म.प्र.)

क्रमांक/937/2026 झाबुआ, दिनांक-18/03/2026

## निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/ सामग्री एवं अन्य सूची अनुसार सामग्री क्रय किए जाने हेतु में निविदा पत्र में चाहे अनुसार अर्हता अनुसार ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स.क्र. | ऑन लाईन टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा प्रपत्र एवं निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_UAD_ 493092_ 1 | Supply of electrical material as per list For financial Year 2026-27 | वित्तीय वर्ष 2026-27 and BO lacs | 10000/- एवं 100000/- | 23-04-2026 17:30 pm |
| 2 | 2026_UAD_ 493093_ 1 | Inviting rates for hiring tent, decoration and light decoration items as per list for financial year 2026-27 | वित्तीय वर्ष 2026-27 and BO lacs | 10000/- एवं 100000/- | 23-04-2026 17:30 pm |
| 3 | 2026_UAD_ 493094_ 1 | Supply of handpump related material and items as per list for Financial Year 2026-27 | वित्तीय वर्ष 2026-27 and 25 lacs | 5000/- एवं 25000/- | 23-04-2026 17:30 pm |
| 4 | 2026_UAD_ 493096_ 1 | Inviting rates for designing and printing flex, hording and as per list for financial year 2026-27 | वित्तीय वर्ष 2026-27 and 20 lacs | 2000/- एवं 200000/- | 23-04-2026 17:30 pm |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन आनलाईन http://mplenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(श्री कविता सिंगार)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद झाबुआ

(श्री लाखनसिंह सोलंकी)
उपाध्यक्ष
नगर पालिका परिषद झाबुआ

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद झाबुआ


प्रकाशक, मुद्रक धवन माहेश्वरी, मालिक गजेन्द्र माहेश्वरी द्वारा उदयरत्न ऑफसेट, 10/2, दारू गोडाउन के आगे, आगर रोड़, उज्जैन (मध्यप्रदेश) से मुद्रित, 190, विधापति नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित
संपादकःशानू माहेश्वरी, ( 9754776006, 7974826006, 8643056464,9575154444) समाचार पत्र में प्रकाशित प्रत्येक समाचार के लिए प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों के निपटारे हेतु न्यायालय क्षेत्र उज्जैन ही रहेगा । समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एट के तहत जिमेदार। कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)।